१९४८ - २०२२
शांति - सेवा - न्याय

शांति सेवा न्याय

Azadi Ka Amrit Mahotsav



किस्सा खाकी का

मासिक ई-न्यूजलेटर

नवंबर 2022

संदेश



संजय अरोड़ा
पुलिस आयुक्त, दिल्ली

दिनांक: 30 सितंबर, 2022

नमस्कार!

आप सभी को प्रकाश और उमंग का त्योहार दिवाली की बहुत–बहुत शुभकामनाएं। बीते माह हमने कई त्योहारों को न सिर्फ उत्साह और शांति के साथ मनाया बल्कि लोगों के सम्मान और सुरक्षा को और पुख्ता किया।

चाहे दीपों का पर्व दिवाली हो या फिर लोक आस्था का महापर्व छठ, त्योहारों को हर्षोल्लास व शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने हेतु दिल्ली पुलिस ने विशेष इंतजाम किए। मुझे दिवाली की रात पूरी दिल्ली में तत्परता के साथ ड्यूटी कर रहे पुलिसकर्मियों/अधिकारियों से मिलने व उन्हें बधाई देने का सुअवसर मिला।

इसी महीने राष्ट्रपिता महत्मा गांधी की 153वीं जयंती के अवसर पर केंद्र सरकार द्वारा 'स्वच्छ भारत अभियान' के तहत एक विशेष अभियान 2.0 की शुरुआत की गई, जिसमें हर जिले और इकाई के पुलिसकर्मियों ने सक्रिय रूप से भाग लिया।

31 अक्टूबर को सरदार वल्लभभाई पटेल जी की जयंती को 'राष्ट्रीय एकता दिवस' के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर दिल्ली पुलिस ने 'भारत के लौह पुरुष' को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दिन के साथ 'सतर्कता जागरूकता सप्ताह' की शुरुआत की गई, जहां सभी अधिकारियों ने ईमानदारी और सत्यनिष्ठा की शपथ ली।

दिल्ली वासियों की सुरक्षा की जिम्मेदारी हमारे लिए सर्वोपरि है। इस कर्तव्यपथ पर अपने प्राणों की आहुति देने वाले हमारे वीर साथियों/पुलिसकर्मियों के शौर्य को नमन करने हेतु हर वर्ष की भांति ही 21 अक्टूबर को पूरे देश में 'पुलिस स्मृति दिवस' मनाया गया। उनका बलिदान पूरे पुलिस बल को प्रेरणा प्रदान करता है।

अक्टूबर माह को 'साइबर सुरक्षा जागरूकता माह' के रूप में भी मनाया जाता है। लिहाजा आम जनता को जागरूक करने के लिए दिल्ली पुलिस ने साइबर सुरक्षा से संबंधित कई कार्यक्रमों का आयोजन किया। इसी माह माननीय उपराज्यपाल, श्री विनय कुमार सक्सेना ने एक जागरूकता कार्यक्रम 'साइबर उदय 2.0' लॉन्च किया। इसके अलावा माननीय राज्यपाल ने डिजीलॉकर के साथ दिल्ली पुलिस की लाइसेंसिंग सेवाओं के एकीकरण की सुविधा की भी शुरुआत की। साथ ही नागरिकों, विशेष रूप से बच्चों/छात्रों, महिलाओं और वरिष्ठ नागरिकों के बीच जागरूकता फैलाने करने के लिए विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए।

अक्टूबर माह की शुरुआत हमने आपने बुजुर्गों के लिए बनाए खास दिन अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस के साथ किया। दिल्ली पुलिस अपने कम्युनिटी पुलिसिंग कार्यक्रम के अंतर्गत राजधानी में बुजुर्गों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए लगातार कार्य कर रही है। बुजुर्गों का प्यार और आशीर्वाद हम सभी को कर्तव्यपथ पर आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है।

जब मैं 'किस्सा खाकी का' के इस संस्करण पर हस्ताक्षर कर रहा हूं, तो आप सभी से यह साझा करते हुए बेहद प्रसन्नता हो रही है कि दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल की टीम ने उल्लेखनीय कार्य के लिए 'केंद्रीय गृह मंत्री विशेष ऑपरेशन पदक' जीता है।

मुझे गर्व है कि 'शांति, सेवा, न्याय' के ध्येय के साथ दिल्ली पुलिस दिल्ली–वासियों की उम्मीदों पर खरा उतर रही है।

जय हिन्द!

फोकस में

मा. उपराज्यपाल द्वारा 'साइबर स्वच्छता' पुस्तक का अनावरण

साइबर सुरक्षा दिवस के अवसर पर मा. उपराज्यपाल श्री विनय कुमार सक्सेना ने दिल्ली पुलिस मुख्यालय में 'साइबर उदय 2.0' जागरूकता कार्यक्रम की शुरुआत की। इस अवसर पर उन्होंने 'साइबर स्वच्छता' पर एक ई–पुस्तक का भी अनावरण किया। साइबर सुरक्षा की दिशा में यह अहम कड़ी साबित होगा।

इसके साथ ही डिजिलॉकर के साथ लाइसेंसिंग सेवाओं के एकीकरण की भी शुरुआत की गई। आर्म्स लाइसेंस धारकों के लिए स्मार्ट कार्ड की सुविधा देने व डिजीलॉकर के साथ लाइसेंसिंग सेवाओं का एकीकरण करने वाली पहली पुलिस संस्था है दिल्ली पुलिस। यह लाइसेंसधारकों को काफी सहूलियत प्रदान कर रहा है।









दिल्ली पुलिस कमिश्नर के दौरे

दिवाली उत्सव

दिल्ली की सुरक्षा व्यवस्था चाक–चौबंद रखने के लिए दिल्ली पुलिस हर पल अलर्ट पर रहती है। इसी क्रम में दिल्ली–वासियों की 'सुरक्षित दिवाली' हेतु विभिन्न क्षेत्रों में ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों/अधिकारियों से दिल्ली पुलिस कमिश्नर संजय अरोड़ा ने भेंटकर उन्हें दिवाली की बधाई दी व मिठाई बांटी।















पुलिस स्मृति सप्ताह







पुलिस बल के अमर बलिदानियों की स्मृति में मनाए जा रहे पुलिस स्मृति सप्ताह के क्रम में दिल्ली पुलिस कमिश्नर संजय अरोड़ा व पुलिस परिवार कल्याण सोसाइटी की अध्यक्ष श्रीमती ऋतू अरोड़ा ने दिल्ली के राष्ट्रीय पुलिस स्मारक पर जाकर वीरगति पाए बलिदानियों को श्रद्धांजलि दी।







सुर्खियां

पुलिस स्मृति दिवस



बस इतना याद रहे
एक साथी और भी था...

सुर्खियां

राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी ने 'स्वच्छ भारत' का सपना देखा था, वह चाहते थे कि हर नागरिक एक साथ मिलकर देश को स्वच्छ बनाने के लिए कार्य करें। स्वच्छ भारत आज एक 'जन–आंदोलन' का रूप ले चुका है। इसे जनता का अपार समर्थन मिला है।
इसी क्रम में गांधी जयंती के अवसर दिल्ली पुलिस के सभी जिलों में पुलिसकर्मियों ने 'स्वच्छ भारत अभियान' में बढ़–चढ़ कर हिस्सा लिया। सभी जिलों में पुलिसकर्मियों ने अपने दफ्तरों, थानों व आस पास श्रमदान किया और लोगों को स्वच्छता के लिए प्रेरित किया।





माननीय सांसद मनोज तिवारी की अध्यक्षता में पूर्वोत्तर जिले की जिला स्तरीय समिति की बैठक हुई। इस बैठक में क्षेत्र के अन्य जनप्रतिनिधि व डीसीपी, डीसीपी (यातायात, पूर्वी रेंज), एसएचओ आदि अधिकारियों ने भाग लिया और जनता के हित में कुछ और सार्थक कदम उठाने को लेकर चर्चा हुई।

सुर्खियां



प्रतिवर्ष 31 अक्टूबर को लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल जी की जयंती पर मनाए जाने वाले राष्ट्रीय एकता दिवस के उपलक्ष्य में केंद्रीय सतर्कता आयोग द्वारा 'सतर्कता जागरूकता सप्ताह' मनाया जाता है।
इसी क्रम में 'राष्ट्रीय एकता दिवस' के अवसर पर दिल्ली पुलिस मुख्यालय में 'सतर्कता जागरूकता सप्ताह' की शुरुआत की गई। इस अवसर पर दिल्ली पुलिस कमिश्नर संजय अरोड़ा ने पुलिस अधिकारियों को ईमानदारी और कर्तव्यनिष्ठा की शपथ दिलाई। दिल्ली पुलिस विभिन्न माध्यमों से इसके प्रति जागरूकता भी फैला रही है।

राष्ट्रीय स्वैच्छिक रक्तदान दिवस के अवसर पर माननीय केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने दिल्ली पुलिस के रक्तदान अभियान 'जीवनदायिनी' की सराहना करते हुए दिल्ली पुलिस को स्मृति चिह्न भेंट किया। माननीय स्वास्थ्य मंत्री जी का प्रोत्साहन दिल्ली की सुरक्षा और जनसेवा के हमारे प्रयास को मजबूती देता है।
दिल्ली पुलिस उनका आभार व्यक्त करती है।



सुर्खियां



उत्तर जिले में सांसद डॉ. हर्ष वर्धन की अध्यक्षता में जिला स्तरीय समिति की बैठक हुई। बैठक में विधायक, पार्षद, पूर्व पार्षद, पुलिस अधिकारी और एमडब्ल्यूए/आरडब्ल्यूए के सदस्यों ने भाग लिया।
इस दौरान क्षेत्र में आम–जन की समस्याओं के त्वरित समाधान सहित विभिन्न मुद्दों पर एक सार्थक चर्चा हुई।

सांसद गौतम गंभीर की अध्यक्षता में शाहदरा जिला स्तरीय समिति की बैठक हुई। इसमें जिले के सभी विधायक, अधिकारी व समिति के अन्य सदस्यों ने भाग लिया। बैठक में सुरक्षा–व्यवस्था से संबंधित कई मुद्दों पर चर्चा हुई। इस दौरान डीसीपी ने सभी समस्याओं/सुझावों के अनुपालन/निवारण हेतु सम्बंधित अधिकारियों को निर्देशित किया।



सुर्खियां



दिल्ली पुलिस मुख्यालय में आज 'Your Law, Your Rights' विषय पर एक परिचर्चा आयोजित की गई। रामजस कॉलेज और 'दिल्ली पुलिस लीगल सेल' के सहयोग से हुई इस परिचर्चा में छात्रों को कानूनी जानकारी दी गई।

इस अवसर पर दिल्ली विश्वविद्यालय के प्रोफेसर्स व पुलिस अधिकारियों ने छात्र–छात्राओं के सवालों के जवाब भी दिए।

'सुरक्षित दिल्ली' के प्रति अपनी प्रतिबद्धता के क्रम में दिल्ली पुलिस अपनी अहम पहल 'सशक्ति' के तहत कार्यक्रम आयोजित कर छात्राओं और महिलाओं को आत्मरक्षा के गुर सिखा रही है व उन्हें उनके अधिकारों और कानूनी पहलुओं की जानकारी दी जा रही है।

इसी कड़ी में इस पहल के तहत त्यागराज स्टेडियम में 10 दिवसीय आत्मरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें करीब 650 शिक्षकों ने भाग लिया।



'डाउन द मेमोरी लेन विद दिल्ली पुलिस'

जहां हम अपने सेवानिवृत्त कर्मियों के अमूल्य योगदान का जश्न मनाते हैं।







दिल्ली पुलिस अपने सेवानिवृत्त पुलिस अधिकारी एसीपी सुनील कुमार, सिक्योरिटी (रिटायर्ड) के सराहनीय कार्य व योगदान के लिए आभारी है।
पुलिस बल की ओर से उन्हें जीवन के अगले अध्याय के लिए बहुत-बहुत शुभकामनाएं।

अंतरराष्ट्रीय
वृद्धजन दिवस



बुजुर्गों के साथ होने वाले भेदभाव और अपमानजनक व्यवहार को खत्म करने के उद्देश्य से मनाए जाने वाले 'अंतरराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस' के अवसर पर वरिष्ठ नागरिकों की सुरक्षा को मजबूती देने के लिए दिल्ली पुलिस द्वारा जिलों और इकाइयों में विभिन्न गतिविधियाँ की गईं।
इस अवसर पर पुलिस की टीम वरिष्ठ नागरिकों के घर जाकर उनका हाल–चाल जाने व उन्हें महत्वपूर्ण आपातकालीन नंबरों से अवगत कराने के साथ उनके सहायकों का सत्यापन भी किया।

अंतरराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस के अवसर पर जिले के एसीएसपी, एसएचओ और सभी बीट स्टाफ ने वरिष्ठ नागरिकों से मुलाकात की।
'परवाह' पहल के तहत पुलिस अधिकारियों ने बुजुर्गों की शिकायतें सुनीं और उनके समाधान के साथ सुरक्षा संबंधी टिप्स दिए। इस अवसर पर अधिकारियों ने वृद्धजनों को फूल व अन्य जरूरत की चीजें भी दीं।




West District
"International Day For Older Persons"
24X7 CARE FOUNDATION
DISTRICT: WEST


DISTRICT: NORTH


DISTRICT: ROHINI


KAVI SAMMEL
ORGANISED BY
CENTRAL DISTRICT DELHI POLICE

स्वच्छ भारत अभियान





स्वच्छ भारत अभियान के तहत दिल्ली पुलिस के द्वारा जिलों और इकाइयों में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस अवसर पर आम लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करते हुए पुलिस की टीम ने भी साफ–सफाई में भाग लिया। इस दौरान सामुदायिक पुलिसिंग पहल को भी मजबूती दी गई।



राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की जयंती के अवसर सभी जिलों में पुलिसकर्मियों ने 'स्वच्छ भारत अभियान' के तहत स्वच्छता कार्यक्रम में बढ़–चढ़ कर हिस्सा लिया।
पुलिसकर्मियों ने अपने दफ्तरों, थानों व अन्य जगहों पर श्रमदान किया और आम–लोगों को स्वच्छता के लिए प्रेरित किया।







'साइबर सुरक्षा जागरूकता माह'

साइबर सुरक्षा के प्रति वृहद स्तर पर जागरूकता फैलाने के क्रम में अक्टूबर माह को वैश्विक स्तर पर 'साइबर सुरक्षा जागरूकता माह' के रूप में मनाया जाता है।

इस संबंध में इस वर्ष की थीम 'डू योर पार्ट' #BeCyberSmart है।

आज के डिजिटल युग में मोबाइल के माध्यम से पलक झपकते ही अधिकतर कार्य हो रहे हैं। अब जैसे–जैसे डिजिटल सेवाएं बढ़ रही हैं, वैसे–वैसे साइबर हमले भी हो रहे हैं। इसे ध्यान में रखते हुए, दिल्ली पुलिस ने ट्विटर, इंस्टाग्राम और अन्य सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के माध्यम से आम नागरिकों के बीच साइबर जागरूकता पैदा करने के उद्देश्य से 'साइबर उदय 2.0' कार्यक्रम शुरू किया है।

दिल्ली पुलिस की यह पहल लोगों को साइबर फ्रॉड के शिकार होने से बचाने में कारगर साबित हो रही है।














Delhi Police @DelhiPolice · Oct 16
आप भी डिजीलॉकर पर बनाएं अपना खाता और उठाएं फायदा।
दिल्ली पुलिस ने अपने लाइसेंसिंग यूनिट का डिजीलॉकर के साथ एकीकरण किया है।
अब आप अपने शस्त्र लाइसेंस को डिजीलॉकर में सुरक्षित रख सकते हैं और कागज़ी दस्तावेजों से छुटकारा पा सकते हैं।
#DelhiPoliceCares
मैं बंदूक का कागज़ लेकर नहीं चलता वीर सिंह।
ये बंदूक भी मेरी है, ये गोली भी मेरी है और इसका लाइसेंस डिजीलॉकर में है।
0:14 3,933 views


Delhi Police @DelhiPolice · Oct 18
OTP देना जालसाजों को तिजोरी की चाबी देना है।
ठगों को ठेंगा दिखाइए, OTP किसी से भी शेयर न कीजिए।
@Cyberdost #CyberSafety
जाओ, जालसाजों से कहना दिल्ली वालों ने ठगों को OTP देना बंद कर दिया है


Delhi Police @DelhiPolice · Oct 19
सावधान!
जालसाजों के लुभावने ऑफर से सतर्क रहें।
न अनजान लिंक पर क्लिक करें और न ही किसी से OTP शेयर करें।
साइबर अपराध से बचाव के लिए जागरूकता ही सबसे बड़ा हथियार है।
@Cyberdost #CyberSafety @DCP_CCC_Delhi
3
लॉटरी स्कीम के जरिए धोखाधड़ी
CYBER ATTAC
0:42 1,502 views


Delhi Police @DelhiPolice · Oct 18
Be a Smart User !
Navigate through cyber space carefully.
#DelhiPoliceCares
CYBER SECURITY AWARENESS MONTH 2022
SEE YOURSELF IN CYBER
4 Things You Can Do:
Enable multi-factor authentication
Use strong passwords
Recognize and report phishing
Update your software
4 Things You Not Do:
Don't click on links from unknown sources
Don't connect to open public wi-fi
Don't install unauthorized programs
Don't post any sensitive information


Delhi Police @DelhiPolice · Oct 19
This festive season, along with sweets, share cyber tips too!
@DCP_CCC_Delhi
@Cyberdost
#DelhiPoliceCares
SEE YOURSELF IN CYBER
Hello!
IT'S CYBER MONTH
WATCH OUT FOR PHISHING
YOU MAY BE SOPHISTICATED ENOUGH TO KNOW NOT TO CLICK ON A URL THAT'S SUPPOSEDLY FROM YOUR BANK OR A FRIEND, BUT DOES EVERYONE IN YOUR HOUSEHOLD KNOW THAT?
TEACH YOUR KIDS ABOUT PHISHING SCAMS AND WARN THEM NOT TO CLICK ON URLS IN AN EMAIL OR SOCIAL NETWORK MESSAGE.
REPORT CYBER CRIME AT : WWW.CYBERCRIME.GOV.IN
REPORT FINANCIAL FRAUD : 1930


Delhi Police @DelhiPolice · Oct 20
रिवॉर्ड्स या कैशबैक के लुभावने ऑफर्स के नाम पर OTP मांगने वाले लोगों को दूर से ही नमस्कार करें।
OTP कभी भी, किसी से भी न शेयर करें।
@Cyberdost @DCP_CCC_Delhi #CyberSafety
Phone rings :
Mubarak ho ! Aapko 6 lakh ka Cashback mila hai apna OTP / PIN share karein
My reaction :


Delhi Police @DelhiPolice
Secure your Digital World with these 5 tips!
@Cyberdost
@DCP_CCC_Delhi
#CyberSafety
#DelhiPoliceCares
CYBER SECURITY AWARENESS MONTH
MALWARE ATTACK PROTECTION TIPS
1. Don't click on suspicious links and attachments in emails.
2. Use updated antivirus and firewall.
3. Always keep a backup of your data.
4. Never download software from malicious websites.
5. Run regular malware scan on your system.
Report cyber crime at www.cybercrime.gov.in
Report financial fraud at 1930


Delhi Police @DelhiPolice · Oct 23
Virat Vijay Ki Badhai !
#IndiaVsPakistan #ViratKohli
Credit : Hotstar
And...it's an Ash-WIN !
0:18 17.7K views


Delhi Police @DelhiPolice
Your safety is crucial in Cyber world!
Follow these safe internet practices.
@Cyberdost
@DCP_CCC_Delhi
#CyberSafety
#DelhiPoliceCares
See Yourself In Cyber
Passwords and privacy settings matter.
Watch what you download.
IoT = Internet Of Threats
Shop safely.
Be careful with your online social life.
Report cybercrime at: www.cybercrime.gov.in
Report financial Fraud at 1930

‘वी केयर’ व ‘छात्र पुलिस कैडेट’ पहल



दिल्ली पुलिस की सामुदायिक पुलिसिंग पहल ‘वी केयर’ व छात्र पुलिस कैडेट के तहत पूरी दिल्ली में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए।
इस पहल के माध्यम से पुलिस और आमजन के रिश्तों को और प्रगाढ़ता मिल रही है।



‘छात्र पुलिस कैडेट’ कार्यक्रम के तहत दिल्ली के 75 स्कूलों में कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें कक्षा 8वीं और 9वीं के कुल 7500 स्कूली बच्चों ने भाग लिया।
इस अवसर पर पुलिस द्वारा अपराध नियंत्रण,यातायात व साइबर अपराध जैसे विषयों पर उन्हें जागरूक किया गया।



दिल्ली पुलिस की 'वी केयर' पहल के तहत नुक्कड़ नाटक आदि माध्यमों से लोगों को जागरूक किया जा रहा है।
इस दौरान साइबर सुरक्षा, बैंक फ्रॉड व ट्रैफिक नियमों जैसे विभिन्न बिंदुओं पर आम लोगों को टिप्स दिए जा रहे हैं।

दिल्ली पुलिस की सामुदायिक पुलिसिंग पहल 'वी केयर' के तहत सर्वोदय कन्या विद्यालय, दिलशाद गार्डन और गवर्नमेंट गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल, जीटी रोड, शाहदरा में महिलाओं के लिए आत्मरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया था।
इस कार्यक्रम में 450 प्रतिभागियों ने भाग लिया और पुलिस टीम द्वारा उन्हें आत्मरक्षा के गुर सिखाए गए।




District : Dwarka


District : North East


District: North-West


Govt. Girls Sr. Sec. School No.-1
District: West


GOVT. BOYS SEC. SCH
District: South


District: Outer-North

उपलब्धियां

पूर्व में एक विशेष ऑपरेशन के तहत दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल की टीम ने 07 आतंकवादियों को गिरफ्तार कर देश के खिलाफ रची जा रही खतरनाक साजिश का खुलासा किया था। इस पूरे ऑपरेशन को 'केंद्रीय गृह मंत्री विशेष अभियान पदक–2022' से सम्मानित किया गया है। ऑपरेशन में शामिल सभी जांबाज अधिकारियों/पुलिसकर्मियों को बधाई।



आउटर नॉर्थ डिस्ट्रिक्ट में अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण में 'ऑपरेशन हॉक आई' की अहम भूमिका रही है।
इस संबंध में बेहतर पुलिसिंग में नए बेंचमार्क स्थापित करने व गहन ग्राउंड रिसर्च हेतु तत्कालीन डीसीपी बृजेंद्र कुमार यादव को स्कॉच अवार्ड (स्वर्ण पदक) से सम्मानित किया गया है।



उपलब्धियां



महाराष्ट्र में आयोजित 'नेशनल पावरलिफ्टिंग चौंपियनशिप' में रजत पदक जीतने पर सुश्री अनीता रॉय, डीसीपी/सुरक्षा को हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं। दिल्ली पुलिस को उनकी उपलब्धि पर गर्व है।



SPUWAC की सेल्फ डिफेंस टीम को दिल्ली पुलिस कमिश्नर संजय अरोड़ा द्वारा स्कॉच सिल्वर अवार्ड से सम्मानित किया गया है। इस अवसर पर स्पेशल सीपी एसके गौतम की टीम, डीसीपी बीएल सुरेश, एएसआई भारती, हेड कांस्टेबल उत्तम, हेड कांस्टेबल नीतू को 'सशक्ति' पहल के तहत महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा के क्षेत्र में बेहतर काम करने के लिए सम्मानित किया गया।

पुलिस परिवार कल्याण समिति– मिशन ओलंपिक के प्रशिक्षक, हेड कांस्टेबल जगमेंद्र ने बेहतर प्रदर्शन करते हुए विश्व चौम्पीयन्शिप–अनुभवी वर्ग कुश्ती,78 किलो में तीसरा स्थान प्राप्त किया है। युवा खिलाड़ियों के लिए प्रेरणास्रोत जगमेंद्र जी को हार्दिक बधाई।



आयोजन

किस्सा खाकी का

सैंट्रो गैंग पर सख्ती



दिल्ली में दहशत फैलाने के इरादे से निकले 3 बदमाशों ने एक ही रात में कई घटनाओं को अंजाम देकर हड़कंप मचा दिया। इनकी महत्वाकांक्षा को उत्तर पश्चिम जिले के स्पेशल स्टाफ की टीम ने कैसे किया ध्वस्त?
सुनिए दिल्ली पुलिस पॉडकास्ट 'किस्सा खाकी का' के इस अंक में।

देवदूत बनी दिल्ली पुलिस



दिल्ली पुलिस यूंही नहीं कही जाती 'दिल की पुलिस'।
महज 4.25 मिनट में एम्स से फोर्टिस, दिल्ली तक 'दिल' पहुंचाकर दिल्ली पुलिस ने कैसे दी एक व्यक्ति को नई जिन्दगी?
सुनिए पूरी कहानी दिल्ली पुलिस पॉडकास्ट 'किस्सा खाकी का' के इस अंक में।

तीन लापता लड़कियां



सुबह स्कूल के लिए निकली तीन लड़कियां शाम को जब घर नहीं पहुँची तो परिजनों से लेकर पुलिस तक में हड़कंप मच गया। कैसे कुछ ही घंटों में तीनों को यूपी के अलीगढ़ से किया गया बरामद ?
सुनिए दिल्ली पुलिस पॉडकास्ट 'किस्सा खाकी का' के इस अंक में।

शातिर मोबाइल चोर



तीन शातिर चोरों द्वारा तैयार हुए एक 'मोबाइल चोर गैंग' के चक्रव्यूह को भेदकर पूर्वी जिले की स्पेशल टीम ने कैसे इन पर लगाई लगाम।
सुनिए, दिल्ली पुलिस पॉडकास्ट 'किस्सा खाकी का' के इस अंक में।

आठ साल से लापता



8 साल पहले दिल्ली से लापता हुए एक 4 साल के बच्चे को पुलिस ने न सिर्फ बरामद किया बल्कि बाल तस्करी का भी खुलासा किया।
इस मुश्किल भरे ऑपरेशन में दिल्ली पुलिस ने कैसे पाई कामयाबी?
सुनिए, दिल्ली पुलिस पॉडकास्ट 'किस्सा खाकी का' के इस अंक में।

आयोजन

आस्क मी एनीथिंग

'आस्क मी एनीथिंग' दिल्ली पुलिस की एक इंटरैक्टिव ट्विटर लाइव सत्र पहल है। जिसके माध्यम से कोई भी व्यक्ति सत्र से संबंधित कोई भी सवाल पूछ सकता है।

इस बार का यह सत्र डिजीलॉकर के साथ दिल्ली पुलिस की लाइसेंसिंग सेवाओं के एकीकरण विषय पर आयोजित हुआ, जिसमें डॉ. ओम प्रकाश मिश्रा, ज्वाइंट सीपी (लाइसेंसिंग) ने लोगों के सवालों का जवाब दिए।



दिल्ली पुलिस की गतिविधियां

दिल्ली पुलिस की गतिविधियां



राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी ने कहा था कि देश के लिए स्वतंत्रता से ज्यादा महत्वपूर्ण स्वच्छता है। उन्होंने भारत को एक निर्मल और स्वच्छ देश बनाने का सपना देखा था। दरअसल, स्वच्छता स्वस्थ और शांतिपूर्ण जीवन का एक अनिवार्य भाग है। इसी क्रम में गाँधी जयंती पर पुलिस परिवार कल्याण केंद्रों पर दिल्ली पुलिस परिवार के सदस्यों ने श्रमदान करके स्वच्छ भारत अभियान को मजबूती दी।

अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर फैन्सी ड्रेस के माध्यम से पुलिस परिवार कल्याण समिति–ज्योति नगर के बच्चों द्वारा विश्व की महिलाओं के आत्मनिर्भर, साहसी, सशक्त, महत्वाकांक्षी व विभिन्न रूपों को दिखाया गया। इस अवसर पर हुई प्रतियोगिता में विजेताओं को पुरस्कृत भी किया गया।



शांति सेवा न्याय

संरक्षक

संजय अरोड़ा

पुलिस आयुक्त, दिल्ली

संचार टीम

सुमन नलवा

उपायुक्त (पीआरओ)

रचनात्मक सहयोग

आख्या इंडिया

सोशल मीडिया सलाहकार, दिल्ली पुलिस

संपर्क करें

सोशल मीडिया सेंटर

कमरा नं: 1408, 14वीं मंजिल

पुलिस मुख्यालय, जय सिंह मार्ग, कनॉट प्लेस, नई दिल्ली